दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, बुधवार 01 सितंबर 2021 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-03, अंक- 332

## लद्दाख में 18,600 फुट की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे ऊंची सड़क का हुआ उद्घाटन

**लेह (आरएनएस)।** लेह को पैंगोंग झील से जोड़ने वाली सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सड़क का उद्घाटन आज लद्दाख के सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल ने किया, जिन्होंने कहा कि 18,600 फीट की ऊंचाई पर केला दर्रे से गुजरने वाला मार्ग दुनिया का सबसे ऊंचा वाहन चलाने योग्य मार्ग होगा। लोकसभा सदस्य ने कहा कि भारतीय सेना की 58 इंजीनियर रेजिमेंट द्वारा बनाई गई सड़क लेह (ज़िंगराल से तांगत्से) से केला दर्रे को पार कर, सुरम्य पैंगोंग झील तक 41 किलोमीटर की यात्रा को कम कर देगी। उन्होंने कहा, ''जिस सड़क का आज उद्घाटन किया गया, वह 18,600 फुट की ऊंचाई पर आम जनता के लिए दुनिया की वाहन चलाने योग्य सबसे ऊंची सड़क होगी। अब तक, खारदुंगला दर्रा 18,380 फुट की ऊंचाई पर आम जनता के लिए वाहन चलाने योग्य दुनिया की सबसे ऊंची सड़क थी।'' उन्होंने कहा कि यह सड़क भविष्य में स्थानीय निवासियों, विशेष रूप से लद्दाख के लालोक क्षेत्र के लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बढ़ावा देने में एक प्रमुख भूमिका निभाएगी, क्योंकि इससे पर्यटन की सुविधा होगी। नामग्याल ने कहा, ''इससे पर्यटक दुनिया की सबसे ऊंची वाहन चलाने योगय सड़क, दुर्लभ औषधीय पौधे, स्नो स्पोर्ट गतिविधियों में भाग लेने, खानाबदोश पशुओं, झीलों और अन्य आकर्षणों को देखने में सक्षम होंगे।'' 18,600 फुट की ऊंचाई पर केला टॉप पर आयोजित उद्घाटन समारोह के दौरान, उन्होंने सड़क निर्माण के लिए भारतीय सेना, विशेष रूप से 58 इंजीनियर रेजिमेंट के समर्पण की सराहना की। उन्होंने सीमावर्ती बुनियादी ढांचे, विशेषकर सड़कों और पुलों के निर्माण के प्रति सरकार की गंभीरता पर भी प्रकाश डाला। सड़क का उद्घाटन, लेफ्टिनेंट जनरल पी जी के मेनन, जनरल ऑफिसर कमांडिंग 14वीं कॉर्प, ताशी नामग्याल याक्ज़ी और स्टैनज़िन चोस्पेल, कार्यकारी पार्षद,वेन लामा कोंचोक त्सेफेल, लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (एलएएचडीसी), लेह के पार्षद एवं अन्य की उपस्थिति में किया गया।।




## आयुर्वेदिक इलाज के लिए सुप्रीम कोर्ट से आसाराम की याचिका हुई खारिज



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम बापू की याचिका खारिज कर दी है। आसाराम ने दो महीने के लिए अंतरिम बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई थी। इस दौरान वह उत्तराखंड स्थित आयुर्वेद सेंटर में अपना इलाज कराना चाहता था। इस मामले की सुनवाई जस्टिस इंदिरा बनर्जी, वी रामासुब्रमण्यम और बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने की। गौरतलब है कि नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में आसाराम बापू जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

याचिका खारिज करते हुए जस्टिस इंदिरा बनर्जी ने कहा कि आपने जो किया है वह कोई साधारण जुर्म नहीं है। ऐसे हालात में आपकी अर्जी स्वीकार नहीं की जा सकती। आपको जेल में ही आयुर्वेदिक इलाज मिल जाएगा। कोर्ट ने कहा कि वह इस बारे में जेल अधिकारियों को निर्देश देगी कि वह आसाराम का सही ढंग से आयुर्वेदिक इलाज कराए। इससे पूर्व आसाराम के वकील सीनियर एडवोकेट आर बसंत ने उनकी उम्र और स्वास्थ्य के हाल को देखते हुए अंतरिम जमानत की मांग की थी।

एडवोकेट आर बसंत ने दलील दी थी कि आसाराम बापू का जेल में सही ढंग से आयुर्वेदिक इलाज नहीं हो रहा है। आसाराम की तरफ दाखिल याचिका में कहा गया था कि वह केवल छह महीने के लिए अंतरिम बेल मांग रहे हैं। वह 85 साल के हैं। वह अब कोई और गुनाह नहीं करने जा रहे हैं? उधर आसाराम की याचिका पर सवाल उठाते हुए वकील मनीष सिंघवी ने कहा कि जोधपुर जेल में उनका बहुत ही बेहतर ढंग से इलाज चल रहा है।

## चर्चित व्यापम पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा घोटाले में 8 आरोपियों को कोर्ट ने माना दोषी

### » हुई 7-7 साल की सजा

**भोपाल (आरएनएस)।** 8 दोषियों को कोर्ट ने 7-7 साल की सजा सुनाई है। यह फैसला स्पेशल जज सीबीआई निरंजन सिंह सिसोदिया ने सुनाया है। सीबीआई ने कोर्ट ने 10 लोगों के खिलाफ चालान पेश किया था। दोषी पाए गए लोगों में 3 उम्मीदवार, 3 सॉल्वर और 4 मिडिलमैन थे।

दरअसल जानकारी के मुताबिक कोर्ट ने 60 लोगों के खिलाफ चालान पेश किया था। जिसके बाद दोषी पाए गए लोगों में 3 उम्मीदवार, 3 सॉल्वर और 4 मिडिलमैन थे। इनमें से 4 मिडिलमैन में से कोर्ट ने 2 को बरी कर दिया है।

मध्य प्रदेश के व्यापम पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा घोटाला 2012 मामले में कोर्ट ने 8 और आरोपियों को दोषी करार माना है। जबकि बताया जा रहा है कि 2 लोगों को कोर्ट ने बरी भी किया है।

जिला कोर्ट में सीबीआई ने 10 लोगों के खिलाफ चार्जशीट पेश की थी। जहां सुनवाई करते हुए कोर्ट ने आरोपी राजेश धाकड़, कवींद्र, विशाल, कमलेश, ज्योतिष, नवीन समेत 8 आरोपियों को दोषी करार माना और 2 लोगों को बरी कर दिया है। वहीं बताया जा रहा है कि दोषी करार आरोपियों को कुछ देर बाद कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी।

## भारत में कोविड-19 टीकाकरण का कुल आंकड़ा 64 करोड़ के पार पहुंचा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में कोविड-19 टीकाकरण ने कल 64 करोड़ का अहम पड़ाव पार किया। आज सुबह सात बजे तक प्राप्त अस्थायी रिपोर्ट के अनुसार बीते चौबीस घंटे में 59,62,286 टीके लगाने के साथ 64.05 करोड़ (64,05,28,644) के पार पहुंच गया है। टीकाकरण का यह लक्ष्य 68,50,464 सत्रों के माध्यम से प्राप्त किया गया है। केन्द्र सरकार देश भर में कोविड-19 टीकाकरण की गति में तेजी लाने तथा इसके दायरे को विस्तारित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पिछले 24 घंटों में 36,275 कोरोना संक्रमित रोगियों के स्वस्थ होने के साथ ही कुल ठीक होने वाले मरीजों (महामारी की शुरुआत के बाद से) की संख्या बढ़कर 3,19,59,680 हो गई है।

स्वस्थ होने की दर 97.53 प्रतिशत पर पहुंची गई है।

केंद्र और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के निरंतर एवं सहयोगपूर्ण प्रयासों के परिणामस्वरुप पिछले 65 दिनों से लगातार 50,000 से कम नए दैनिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

भारत में पिछले 24 घंटों में 30,941 दैनिक नए मामले दर्ज किए गए हैं।



वर्तमान में सक्रिय मामले 3,70,640 हैं। सक्रिय मामले वर्तमान में देश के कुल पॉजिटिव मामलों के 1.13 प्रतिशत हैं। देश भर में कोविड जांच क्षमता लगातार उल्लेखनीय रूप से बढ़ रही है। देश में पिछले 24 घंटों में 13,94,573 नमूनों की जांच की गई। कुल मिला कर भारत में अब तक 52.15 करोड़ से अधिक (52,15,41,098) जांच की जा चुकी हैं।

एक तरफ जहां, कोविड जांच क्षमता देश भर बढ़ा दी गई है, वहीं साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर वर्तमान में 2.51 प्रतिशत है और यह पिछले 67 दिनों से 3 प्रतिशत से कम बनी हुई है। दैनिक पॉजिटिविटी दर फिलहाल 2.22 प्रतिशत है। दैनिक पॉजिटिविटी दर लगातार 85 दिनों से 5 प्रतिशत से नीचे बनी हुई है।

## राजस्थान के नागौर में भीषण सड़क हादसे में 12 लोगों की हुई मौत

**उज्जैन (आरएनएस)।** राजस्थान में मंगलवार सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे में मध्य प्रदेश के 12 लोगों की मौत हो गई. क्रूजर में सवार लोगों को सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी. सभी मृतक उज्जैन के घटिया इलाके के रहने वाले थे. इस दुर्घटना में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

यह सड़क दुर्घटना राजस्थान के नागौर जिले में श्रीबालाजी के नजदीक घटी. दुर्घटना के शिकार सभी लोग धार्मिक यात्रा पर निकले थे. क्रूजर में सवार लोग रामदेवरा बाबा धाम और करणी माता मंदिर के दर्शन करने के बाद अपने घर लौट रहे थे.

**ओवरलोड थी गाड़ी-** सभी लोग एक क्रूजर में सवार थे. बताया जा रहा है कि उसमें क्षमता से कहीं ज्यादा लोग सवार थे. बालाजी के नजदीक उनके वाहन को सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी. टक्कर इतनी ज़बरदस्त थी कि मौके पर ही 8 लोगों की मौत हो गई, बाकी 4 लोगों ने अस्पताल जाते वक्त दम तोड़ दिया. मृतकों में 4 पुरुष और 8 महिलाएं हैं. सभी लोग उज्जैन के सज्जन खेड़ा और दौलतपुर गांव के रहने वाले थे. दुर्घटना इतनी भीषण थी कि लोग क्रूजर में ही फंसे रह गए. वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना की तब उनकी मदद से पीड़ितों को निकाला गया.



**सड़क हादसे के बाद मचा कोहराम-** राजस्थान के नागौर जिले के श्रीबालाजी कस्बे के पास एक ट्रक और क्रूजर में जबर्दस्त भिड़ंत हो गई. हादसा इतना भयावह था कि इसमें 12 लोगों की मौत हो गई और 6 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये हैं. हादसे के बाद घटनास्थल पर कोहराम मच गया. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला. घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से नोखा अस्पताल पहुंचाया गया है . पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं.

**मलबे में बदल गया क्रूजर-** जानकारी के अनुसार, हादसा सुबह करीब पौने आठ बजे नागौर जिले के श्रीबालाजी कस्बे के बाईपास पर हुआ. उस समय एक क्रूजर में सवार होकर 18 लोग कहीं जा रहे थे. इसी दौरान श्रीबालाजी कस्बे के बाईपास के पास एक ट्रक से क्रूजर की जोरदार भिड़ंत हो गई. भिड़ंत इतनी जबर्दस्त थी कि क्रूजर मलबे में तब्दील हो गई. इससे क्रूजर में सवार लोग उसमें फंसकर रह गए. दुर्घटना की भयावहता का अंजादा इसी से लगाया जा सकता है कि 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## हिमाचल में अभी और दिन जारी रहेगा बारिश का कहर

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश में छह सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से मंगलवार को जारी बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में छह सितंबर तक मौसम खराब बने रहने का पूर्वानुमान है। वहीं आज बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा, मंडी, शिमला सोलन और सिरमौर जिले के कुछ भागों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

उधर, सोमवार रात को कांगड़ा में 69, देहरागोपीपुर में 54, पांवटा साहिब में 24, धर्मशाला में 22, बरठीं में 19, गुलेर में 14, नगरोटा सूरियां-चंबा में 13, डलहौजी में 11, हमीरपुर में 9, पालमपुर-अंब में 8, सरकाघाट में 7 और ऊना-नादौन में 4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। बता दें, बीते दिन श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर चंबा की सबसे दुर्गम मणिमहेश की चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ था। जबकि बारिश और अंधड़ से हमीरपुर के गलोड़ और पांवटा की फूलपुर शमशेरगढ़ पंचायत के आधा दर्जन गांवों में मक्की की फसल खेतों में बिछ गई था। इससे चार माह से खेतों में जुटे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। वहीं, हमीरपुर के ठाणा गांव में एक गोशाला भरभराकर गिर गई।

## उपराष्ट्रपति ने देश के नागरिकों से खादी को 'राष्ट्रीय वस्त्र' के रूप में अपनाने की अपील की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने आज देश के नागरिकों से खादी को 'राष्ट्रीय वस्त्र' के रूप में अपनाने की अपील की और इसके इस्तेमाल को व्यापक रूप से बढ़ावा देने का आग्रह किया। नायडु ने विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों से इसके लिए आगे आने तथा खादी के उपयोग को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

उपराष्ट्रपति आज खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) द्वारा मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित खादी इंडिया क्विज प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

नायडू ने सभी से खादी इंडिया क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने का आग्रह करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता हमें अपनी जड़ों की ओर वापस ले जाने का एक रोचक माध्यम है, क्योंकि यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक क्षणों और हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के अद्वितीय योगदान का स्मरण कराती है।



उपराष्ट्रपति ने आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित अधिकृत दांडी मार्च के समापन समारोह में भाग लेने के लिए इस वर्ष 6 अप्रैल को अपनी दांडी यात्रा को याद किया। उन्होंने कहा कि दांडी मार्च में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के साथ बातचीत करते हुए उन्हें भारतीय इतिहास के गौरवमयी क्षणों को फिर से जीने का अवसर मिला और उन्होंने इसे एक बहुत ही समृद्ध अनुभव कहकर संदर्भित किया।

भारत के स्वाधीनता संग्राम को वीरता, बदलाव और निष्ठावान देशभक्ति की गाथा के रूप में वर्णित हुए उपराष्ट्रपति ने उल्लेख किया कि किस तरह से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने औपनिवेशिक शासन के खिलाफ लड़ाई में देश भर की जनता को प्रेरित किया। यह देखते हुए कि सभी मतों और सभी वर्गों के पुरुषों एवं महिलाओं ने आज़ादी की लड़ाई में भाग लिया, नायडू ने कहा, यह वास्तव में मानव सभ्यता के इतिहास में एक अद्वितीय घटना थी।

हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि मातंगिनी हाजरा, भगत सिंह, प्रीतिलता वाद्देदार, राजगुरु, सुखदेव और हजारों अन्य स्वाधीनता सेनानियों ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के सार्वलौकिक स्वप्न को साकार करने के लिए अपने जीवन का बलिदान करने से पहले दो बार नहीं सोचा। उन्होंने कहा, इन वीर पुरुषों और महिलाओं ने यह जानते हुए भी सर्वोच्च बलिदान दिया कि वे अपने सपने को हकीकत में बदलता देखने के लिए जीवित नहीं होंगे।

नायडू ने कहा कि हमारा स्वतंत्रता संग्राम बदलाव और आशा की यात्रा थी जो हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है, चाहे कितनी भी प्रतिकूल परिस्थिति क्यों न हो। उन्होंने कहा कि हमारे पास स्वतंत्रता सेनानियों से सीखने के लिए बहुत कुछ है, खासकर मातृभूमि के हितों को हर चीज से आगे रखने की भावना।

नायडू ने पिछले 7 वर्षों में खादी के अभूतपूर्व बदलाव पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसके विकास में तेजी लाने के लिए सरकार, केवीआईसी तथा अन्य सभी हितधारकों की सराहना की। उपराष्ट्रपति कहा, मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि केवीआईसी ने पूरे भारत में अपनी पहुंच स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है और लोगों को देश के दूर-दराज के कोनों में भी स्थायी स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़ा गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पोल से टकराई कार, 7 की मौत, डीएमके विधायक वाई प्रकाश के बेटे-बहू भी मरने वालों में शामिल

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** बेंगलुरु में तेज रफ्तार ऑडी कार के पोल से टकराने पर हुई भीषण हादसे में कुल सात लोगों की जान चली गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मरने वालों में डीएमके विधायक वाई प्रकाश के बेटे और बहू भी शामिल हैं। खुद विधायक वाई प्रकाश ने इसकी पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार में ऑडी गाड़ी ने सड़क किनारे लगे पोल पर टक्कर मारी जिसके बाद गाड़ी में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सातवें की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हुई है। मरने वालों में से तीन महिलाएं भी थीं। हादसा सुबह तड़के करीब 2.30 बजे हुआ। अड्डुगोडी पुलिस स्टेशन के अनुसार, मंगलवार तड़के बेंगलुरु के कोरमंगला इलाके में एक कार दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में मरने वाले सात लोगों में डीएमके विधायक वाई प्रकाश के बेटे और बहू करुणा सागर और बिंदू भी शामिल हैं। विधायक ने पुष्टि की कि युगल ऑडी कार में यात्रा कर रहे थे, जो स्ट्रीट लाइट से टकरा गई।

### चीनी जहाजों ने जापान के जल क्षेत्र में किया प्रवेश

**टोक्यो।** चीन के चार जहाजों ने आज सुबह विवादित सेनकाकू द्वीप के पास जापान के अधिकार वाले जल क्षेत्र में प्रवेश किया। एनएचके प्रसारणकर्ता ने तटरक्षकों के हवाले से यह जानकारी दी। चार चीनी गश्ती नौकाएं, जिनमें से एक स्वचालित तोप से लैस है, कथित तौर पर उत्सुरी द्वीप और मिनामिकोजिमा द्वीप से क्षेत्रीय जल में प्रवेश कर गई। तीन और जहाजों के इसी क्षेत्र में होने की बात कही जा रही है। जापान की मछली पकड़ने वाली पांच नावें भी उसी इलाके में सक्रिय हैं। चीनी जहाजें इनसे संपर्क करने का प्रयास कर रही हैं।

### डब्ल्यूएचओ ने अफगानिस्तान में 12.5 टन चिकित्सा सामग्री भेजी

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अफगानिस्तान को 12.5 टन चिकित्सा सामग्री की आपूर्ति की। पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्र के लिए डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय निदेशक अहमद अल मंधारी ने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है लगातार कई दिनों तक काम कर संकट का समाधान खोजने के बाद हम अब अफगानिस्तान में स्वास्थ्य सुविधाओं के भंडार को आंशिक रूप से भरने में सक्षम हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि अभी के लिए डब्ल्यूएचओ समर्थित स्वास्थ्य सेवाएं जारी रह सकें। डब्ल्यूएचओ की ओर से भेजी गयी चिकित्सा सामग्री को अफगानिस्तान के 29 प्रांतों में 40 स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में वितरित किए जाने की संभावना है। इसमें लगभग 200,000 लोगों की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ट्रॉमा किट और आपातकालीन स्वास्थ्य किट शामिल हैं। इसके अलावा 3,500 सर्जरी और 6500 ट्रॉमा मरीजों के इलाज से संबंधित सामग्री भी है।

### थाने पर फेंका गया बम, 12 पुलिस अधिकारियों सहित 14 घायल

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के कुकुटा शहर के एक थाने में हुए बम विस्फोट में 12 पुलिस अधिकारी और दो नागरिक घायल हो गये हैं। स्थानीय पुलिस प्रमुख जनरल श्री मोरेनो ने कहा कि , अपराधियों ने हमारी स्ट्रीट चेयर्स में से एक के नीचे एक शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण रख दिया था जिसके कारण हुए जबरदस्त विस्फोट से हमारी इमारतों के एक हिस्से को काफी क्षति हुई। उन्होंने बताया कि पीड़ितों में वे कर्मचारी शामिल हैं, जो कार्यदिवस की शुरुआत से पहले पहुंच गये थे। उनमें से कुछ को कान में गंभीर चोट के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने हमले से संबंधित महत्वपूर्ण सुराग एकत्र किए हैं। सबूतों का विश्लेषण करने के बाद विस्तृत जानकारी दी जायेगी।